प्रेस नोट दिनाँक 02.02.2025
थाना फरीदपुर जनपद बरेली

थाना फरीदपुर #bareillypolice द्वारा दिनांक 07.11.2024 को ग्राम नवादा विलसण्डी में हुई बब्लू उर्फ मलहारे की हत्या की घटना का सफल अनावरण करते हुए एक अभियुक्त किया गिरफ्तार, अभियुक्त की निशादेही पर आला कत्ल हत्या में प्रयुक्त डण्डा बरामद।

घटना का संक्षिप्त विवरण – दिनांक 08.11.2024 को वादी मुकदमा श्री रिषिपाल पुत्र कल्लू निवासी नवादा विलसण्डी थाना फरीदपुर जिला बरेली की लिखित तहरीर प्राप्त हुई कि वादी के चचेरे भाई बब्लू उर्फ मल्हारे पुत्र दीप सिंह नि0ग्राम नवादा विलसण्डी थाना फरीदपुर जिला बरेली की गांव के 1. ओमेन्द्र पुत्र राम सिंह 2. अनेक पाल पुत्र रामसिंह 3. ओमवीर पुत्र राम सिंह 4. हरी सिंह पुत्र राम सिंह व 5. गजेन्द्र पुत्र अंगद नि0 ग्राम अहीर गौटिया थाना फरीदपुर जिला बरेली ने गाड़ी चढ़ाकर व डण्डे से पीटकर हत्या कर दी है। तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 851/24 धारा 191(2)/103(1) बीएनएस बनाम ओमेन्द्र आदि 05 नफर के विरूद्ध पंजीकृत किया गया था। जिसकी विवेचना वर्तमान में प्रभारी निरीक्षक फरीदपुर द्वारा सम्पादित की जा रही थी।

थाना फरीदपुर पुलिस द्वारा आज दिनांक 02.02.2025 को मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त अनेक पाल उर्फ पप्पू पुत्र रामसिंह उम्र करीब 42 वर्ष नि0ग्राम नवादा विलसण्डी थाना फरीदपुर बरेली को पिताम्बरपुर रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया गया। अभि0 ने पूछताछ में अपने तीनों सगे भाईयो ओमेन्द्र, ओमवीर व गजेन्द्र पुत्र अंगद नि0ग्राम अहीर गौटिया थाना फरीदपुर जिला बरेली के साथ मिलकर पूर्व मे मृतक बब्लू उर्फ मल्हारे द्वारा अभि0गण को बेची गयी जमीन 4 बीघा 07 विसे के दोबारा पैसे माँगने को लेकर बोलेरो गाड़ी को बार-बार मृतक के ऊपर चढ़ाकर व डण्डे से पीटकर बब्लू उर्फ मल्हारे की दिनांक 07.11.2024 को शाम करीब 07.00 बजे हत्या कर देना बताया है, तथा हत्या को सड़क दुर्घटना का रूप देने का प्रयास किया गया और मौके से फरार हो गये थे। अभि0 अनेकपाल उर्फ पप्पू की निशादेही पर आला कत्ल हत्या में प्रयुक्त डण्डा घटनास्थल से कुछ दुरी पर बन्द पड़ी नहर की पुलिया के नीचे से बरामद किया गया है। विवेचना से धारा 3(5) बीएनएस की वृद्धि करते हुए अभियुक्त को अग्रिम कार्यवाही हेतु मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

अभि0 की घटना में भूमिका
अभि0 द्वारा अपने सगे भाईयो ओमेन्द्र, ओमवीर व गजेन्द्र पुत्र अंगद नि0ग्राम अहीर गौटिया थाना फरीदपुर जिला बरेली के साथ मिलकर पूर्व मे मृतक बब्लू उर्फ मल्हारे द्वारा स्वयं को बेची गयी जमीन 4 बीघा 07 विसे के दोबारा पैसे माँगने को लेकर बोलेरो गाड़ी में रखे डण्डे से पीट पीट कर व गाड़ी के चालक अभि0 के भाई ओमेन्द्र के द्वारा गाड़ी को बार-बार मृतक के ऊपर चढ़ाकर हत्या जैसे जघन्य अपराध को अंजाम दिया गया। तथा घटना को सामान्य सड़क दुर्घटना दर्शाने का प्रयास किया।

अभि0 की निशादेही पर बरामदगी का विवरण
हत्या में प्रयुक्त आला कत्ल एक अदद डण्डा खून मे सना हुआ

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः
अनेक पाल उर्फ पप्पू पुत्र रामसिंह नि0ग्राम नवादा विलसण्डी थाना फरीदपुर बरेली

गिरफ्तार करने वाली टीम का नाम
1. प्रभारी निरीक्षक श्री हरेन्द्र सिंह थाना फरीदपुर, बरेली
2. उ0नि0 जितेन्द्र सिंह थाना फरीदपुर, बरेली
3. हे0का0 860 गोलई यादव थाना फरीदपुर, बरेली
4. कम्प्यूटर ऑपरेटर मनोज कुमार थाना फरीदपुर, बरेली
5. का0 327 मेघश्याम थाना फरीदपुर, बरेली